<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Regarding demand for constitution of Joint Parliamentary Committee on Rafale Fighter Jets.

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा): मैडम स्पीकर कम से कम तीन हफ्ते से हम यह कोशिश कर रहे हैं कि जो रफाल में घोटाला हुआ है, वह सबसे बड़ा घोटाला है। …(व्यवधान) इस मोदी सरकार ने जो फ्रांस के साथ 36 रफाल विमानों की, 59 हज़ार करोड़ की डील की है, यह देश का सबसे बड़ा घोटाला है और रफाल को 1660 करोड़ रुपये में खरीदा। …(व्यवधान) जब यूपीए के समय में हर विमान की कीमत 526 करोड़ रुपये थी और रक्षा मंत्रालय ने लोक सभा में इसकी कीमत 670 करोड़ रुपये बताई थी, बाद में रक्षा मंत्री ने गुमराह करना शुरू किया। …(व्यवधान) बाद में रक्षा मंत्री ने गुमराह करना शुरू किया और कहा सीक्रेट क्लॉज़ की वजह से कीमत नहीं बता सकते। …(व्यवधान) तो 16 फरवरी, 2017 को दसॉल्ट-रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटिड ने कीमत 1660 करोड़ रुपये बताई। …(व्यवधान) यूपीए से तीन गुना दाम दिया। …(व्यवधान) और फ्रांस के राष्ट्रपति ने भी यह कहा कि यह प्राइस डिस्क्लोज़ कर सकते हैं? …(व्यवधान) लेकिन मैं पूछना चाहता हूँ कि यह सरकार प्राइस क्यों नहीं डिस्क्लोज़ कर रही है। …(व्यवधान) सन् 2015 को दसॉल्ट के सीईओ ने कहा कि एच.ए.एल. के चेयरमैन से हमारी बात हुई है। …(व्यवधान) हम पब्लिक सैक्टर को यह रफाल बनाने के लिए, यह लड़ाकू जहाज बनाने के लिए तैयार हैं और वह हम दे देंगे। …(व्यवधान) लेकिन इन्होंने पब्लिक सैक्टर को नहीं दिया। …(व्यवधान) इसमें घोटाला कर जिनको चाहते थे, उन कंपनियों को, इस रिलायंस कंपनी को उन्होंने दिया और उसमें तीस हज़ार करोड़ रुपये का घोटाला है। …(व्यवधान) तीस हज़ार करोड़ रफाल के घोटाले की वजह से हम चाहते हैं कि ज्वाइंट पार्लियामेंट्र कमेटी आप बिठाइए और इसमें सारा सच निकल कर आएगा। …(व्यवधान) मोदी जी कब गए थे, अपने दोस्तों को क्यों ले कर गए थे, कॉन्ट्रैक्ट क्यों हुआ? …(व्यवधान)

गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह): अध्यक्ष महोदया, सरासर एक झूठ बार-बार बोले जाने से कदापि वह कभी सच नहीं हो सकता है। …(व्यवधान) महोदया, खड़गे जी को और कांग्रेस के मित्रों को इस बात को समझना चाहिए एक झूठ को बार-बार बोले जाने से वह कभी सच नहीं हो सकता है। …(व्यवधान) जबकि मैं बराबर यह कह चुका हूँ कि हम इस पर बहस करने को पूरी तरह से तैयार हैं, तो बहस करने से ये कांग्रेस के लोग क्यों भाग रहे हैं? …(व्यवधान) मैं इस सवाल का जवाब उन लोगों से चाहता हूँ। …(व्यवधान)